an>

Title: Need to enquire the rape and murder of a minor girl in Rajasthan.

श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर): अध्यक्ष महोदय, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय आपके सामने रख रहा हूं । राजस्थान प्रांत के सीकर जिले के कांवट कस्बे में 14 साल की मासूम बच्ची के साथ बहुत जघन्य कांड हुआ है । 27 तारीख को कुछ दरिंदे उस बेटी को बहला-फुसला कर एक तरफ ले गए और उसके साथ बलात्कार किया । जब वह चिल्लाई, तो उन्होंने उसका गला घोंट कर मार दिया । 27 तारीख को यह कांड हुआ, लेकिन 31 तारीख तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई । उसके छोटे भाई को बुलाकर थाने में बैठा लिया गया । अभी भी दोषी लोग खुले घूम रहे हैं । मेरा निवेदन है कि इस घटना की जांच होनी चाहिए और दोषियों को दंड दिया जाना चाहिए ।

माननीय अध्यक्ष :

श्रीमती सुप्रिया सुले,

श्री कुलदीप राय शर्मा और

श्रीमती के. कनिमोझी को श्री सुमेधानन्द सरस्वती द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।